<u>राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, पुदुच्चेरी केंद्र में</u>

<u>हिंदी पखवाडा - 2024 का आयोजन</u>

<u>(14 सितम्बर - 28 सितम्बर, 2024)</u>

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, पुदुच्चेरी में दिनांक 14-09-2024 से 28-09-2024 तक हिंदी पखवाडा मनाया गया।

हिंदी पखवाडा का उद्घाटन समारोह रा.सू.वि.के.,पुदुच्चेरी में दिनांक16-09- 2024को **श्री वी. गोपी स्वामीनाथन ,**राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी के अध्यक्षता में किया गया |

रा.सू.वि.के.,पुदुच्चेरी के ओलिक सदस्यों ने हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं की जानकारी उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को दी| सभी जिलों में पदस्थ अधिकारी वीडिओ कन्फेरेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। पखवाड़े के दौरान निम्नलिखित 2 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया; जिसमें राज्य इकाई एवं एन.आई.सी. जिला केंद्रों पर कार्यरत अधिकारियों ने वीडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्साह से भाग लिया।

1. हिन्दी सुलेख प्रतियोगता
2. हिंदी वाचन प्रतियोगता

पखवाड़े के समापन समारोह के अवसर पर पांडिचेरी विश्यविद्यालय के हिन्दी प्रोफेसर सेवानिवृत्त श्री जे सुरेंद्रन, को मुख्य अतिथि और मूल्यांकन कर्ता के रूप में आमंत्रित किया गया| श्री. वी. गोपी स्वामीनाथन, वरिष्ठ तकनिकी निदेशक और राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया| श्री जे सुरेंद्रन ने रा.सू.वि.केंद्र, पुदुच्चेरी के अधिकारियों द्वारा प्रतियोगताओं में अधिकतम सहभागिता की सराहना की और प्रतियोगिताओ में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयीन कामकाज में अधिक से अधिक हिन्दी का प्रयोग करें|

समापन समारोह में राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी श्री वी. गोपी स्वामीनाथन, ने पखवाड़ा कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए रा.सु.वि.केंद्र पुडुचेरी की ओएलआईसी समिति को बधाई दी और रा.सु.वि.केंद्र पुडुचेरी के सभी अधिकारियों से अपने दैनिक जीवन में हिंदी को कार्यात्मक भाषा के रूप में उपयोग करने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि ने सभी प्रतियोगिताओं को मूल्यांकन के बाद विजेताओं को चयन किया । कार्यक्रम का समापन,श्री. डॉ एन रवीन्द्रन, अतिरिक्त राज्य सूचना अधिकारी , के धन्यवाद प्रस्ताव द्वारा किया गया।

हिंदी पखवाड़ा समारोह -2024 की झलकियां (14-09-2024 से 28-09-2024 तक)